# हिंदी विश्वविद्यालय को मिला पहला पेटेंट शोध प्रकाशन

वर्धा, दि. 02 अगस्त 2021 : डी. बी. गर्ल्स पी.जी. कॉलेज रायपुर की सहायक प्रोफेसर डॉ. रश्मि सिंह और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के मानवविज्ञान विभाग के पोस्ट डॉक्टोरल फेलो डॉ. अरूण कुमार एवं उनके सहयोगियों के शोध कार्य को भारतीय पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार द्वारा जारी पेटेंट जर्नल-30703 मे 09/07/2021 को प्रकाशित किया गया है। इस शोध कार्य में रायपुर विश्वविद्यालय की प्रो.वासु वर्मा, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय विवि के महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. रीता वेणुगोपाल और शोधकर्ता सुश्री अनिक्षा वरोडा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




पोषण से संबंधित उनका शोध महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा एवं महिला अध्ययन केंद्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का पहला पेटेंट तथा भारतीय मानवविज्ञानी द्वारा प्रस्तुत यह तीसरा पेटेंट प्रकाशन होगा। यह शोध भारत में बढ़ रहे कुपोषण को दूर करने के और भारतीय जनमानस को आर्थिक मजबूती प्रदान करने में सहायक होगा। इसे पेटेंट के अगले चरण के लिए चयनित भी किया गया है।

डॉ. अरुण कुमार विदर्भ क्षेत्र के मेलघाट, सतपुड़ा स्थित कोरकू जनजाति की पारंपरिक खाद्य पद्धति और पोषण पर विशेष रूप से शोध कार्य कर रहे हैं। वे मानवमिति विशेषज्ञ-II के रूप मे भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भोपाल मे कार्य कर रहे है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने महाराष्ट्र के पहले पेटेंट शोध प्रकाशन हेतु हर्ष जताया और डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ. रश्मि सिंह को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृपाशंकर चौबे और मानवविज्ञान विभाग के प्रो.फरहद मलिक ने विभाग की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

-----------------------------------------------------

**हिंदी विश्वविद्यालयाला मिळाले पहिले पेटेंट प्रकाशन**

वर्धा, दि. 02 ऑगस्ट 2021 : डी. बी. गर्ल्स पी.जी. कॉलेज रायपूर येथील सहायक प्रोफेसर डॉ. रश्मि सिंह आणि महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील मानवविज्ञान विभागाचे पोस्ट डॉक्टोरल फेलो डॉ. अरूण कुमार यांचे शोध कार्य भारतीय पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार द्वारा जारी पेटेंट जर्नल-30703 मध्ये 09/07/2021 प्रकाशित करण्यात आले. या शोध कार्यात रायपुर विश्वविद्यालयातील प्रो.वासु वर्मा, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालयातील महिला अध्ययन केंद्राच्या की निदेशक प्रो. रीता वेणुगोपाल व शोधकर्ता सुश्री अन्क्षिा वरोडा यांची महत्वपूर्ण भूमिका राहिली आहे. पोषणाशी संबंधित त्यांचा शोध महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा व महिला अध्ययन केंद्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपूर यांचा पहिला पेटेंट आणि भारतीय मानवविज्ञानी द्वारा प्रस्तुत तीसरे पेटेंट प्रकाशन होय. या शोधाची पेटेंटच्या पुढील टप्प्यासाठीही निवड करण्यात आली आहे.

डॉ. अरुण कुमार विदर्भ क्षेत्रातील मेळघाट, सातपुड़ा स्थित कोरकू जनजातीची पारंपरिक खाद्य पद्धती व पोषणावर विशेष रूपाने शोध कार्य करत आहेत ते मानवमिती विशेषज्ञ-II म्हणून भारतीय क्रीडा प्राधिकरण, युवा कार्यक्रम व क्रीडा मंत्रालय, भोपाळ येथे कार्यरत आहेत. या उपलब्धी बद्दल विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल यांनी महाराष्ट्रातील पहिल्यापेटेंट शोध प्रकाशनासाठी हर्ष व्यक्त केला आणि डॉ. अरुण कुमार व डॉ. रश्मी सिंह यांच्या उज्ज्वल भविष्याची कामना केली. मानविकी व सामाजिक विज्ञान विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. कृपाशंकर चौबे व मानवविज्ञान विभागाचे प्रो. फरहद मलिक यांनी विभागाच्या उपलब्धी वर प्रसन्नता व्यक्त केली आहे.